an>

Title: Regarding condition of roads in Hamirpur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे लोक महत्व के इस विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया।

महोदया, मैं बुंदेलखंड के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से आता हूँ। हमारे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से जो रिवरसैंड, मोरंग और गिट्ट जो सड़क और भवन निर्माण के उपयोग में आती है, लगभग आधे उत्तर प्रदेश की सड़कों का निर्माण हमारे यहाँ के खनिज पदार्थों से होता है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हमारे पूरे संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में नदी के किनारे और पहाड़ों के नज़दीक का जितना क्षेत्र है, वहां की सड़कें जर्जर हैं। बुजुर्ग लोग अस्पताल नहीं जा पा रहे हैं। विद्यार्थी विद्यालय पहुंचने में असमर्थ हैं, यात्री बेहाल हैं। मार्ग दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

माननीय अध्यक्ष : वे सड़कें केन्द्र सरकार की तो नहीं हैं, वे नेशनल हाईवेज़ तो नहीं हैं।

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल : मेरा आपके माध्यम से यह निवेदन है कि केन्द्र सरकार इसमें कुछ हस्तक्षेप करके ऐसा इंतज़ाम करे कि जिस जनपद से हज़ारों करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो रहा है, वह राजस्व वहाँ क्यों नहीं लग रहा है। छात्र विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं और मरीज़ अस्पताल नहीं पहुँच पा रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।